हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–150 : जौनपुर, सोमवार 13 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में आगे बढ़ाएगी डिजिटल इकॉनमी –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। यह वास्तव में भारत का वो प्राचीन श्लोक है जो भारत की दुनिया के बारे में उस सोच को प्रदर्शित करता है कि भारत के पास जो कुछ भी था उसे बिना राग द्वेष के या किसी भी अहंकार के कभी यह नहीं कहा कि यह मेरा है तो इस पर मेरा ही एकाधिकार है। निश्चित ही डिजिटल इकॉनमी वसुधैव कुटुम्बकम के इस भाव के साथ पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में आगे बढ़ाने में मदद कर सकती है और मानवता के जीवन में कल्याण का काम कर सकती है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह बैठक कुछ नए मुद्दों को लेकर आगे बढ़ेगी और मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करते हुए एक नई दिशा देने का कार्य करेंगे। यह बातें सोमवार को सीएम योगी ने लखनऊ में पहली जी20 डिजिटल इकॉनमी वर्किंग ग्रुप की बैठक का शुभारंभ करते हुए कहीं। इस अवसर पर सीएम योगी ने केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ डिजिटल इकॉनमी पर आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। सीएम योगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है उत्तर प्रदेश जी20 से जुड़े प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि भारत की आबादी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है। 25 करोड़ की आबादी इस राज्य में निवास करती है। यह भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व भी करता है। भारत की सबसे उर्वरा भूमि भी उत्तर प्रदेश में है। भारत की कुल कृषि योग्य भूमि में से 11 प्रतिशत भूमि उत्तर प्रदेश के पास है। इसमें 20 फीसदी खाद्यान्न उत्पादन उत्तर प्रदेश करता है। सबसे अच्छा जल संसाधन भी उत्तर प्रदेश के पास है। उत्तर प्रदेश के पास सबसे युवा शक्ति है और आधुनिक अर्थव्यवस्था की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण आधार एमएसएमई का बेस चाहिए ऐसे 96 लाख एमएसएमई यूनिट भी उत्तर प्रदेश में मौजूद है। भारत के एक ऐसे राज्य की राजधानी लखनऊ में जो अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के रूप में जाना जाता है वहां जी20 समूह से जुड़े हुए विभिन्न देशों से आए हुए आप सभी सम्मानित अतिथियों का, सहयोगी मित्र देशों व संगठनों के सभी सम्मानित प्रतिनिधियों का मुझे उत्तर प्रदेश शासन की ओर से स्वागत करते हुए प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। तकनीक के उपयोग में भी यूपी सबसे आगे सीएम योगी ने आगे कहा कि यह हमारे देश के लिए सौभाग्य का क्षण है कि जब भारत ने आजादी के अमृतकाल प्रथम वर्ष में प्रवेश किया है तब दुनिया के 20 प्रमुख प्रतिष्ठित देशों के समूहों की अध्यक्षता एक वर्ष तक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी के नेतृत्व में इन सभी कार्यक्रमों का अवसर प्राप्त हुआ है। हम सब जानते हैं कि पिछले 9 वर्ष के अंदर वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाने और दुनिया के हर एक उस अवसर पर जब भी दुनिया को नई दिशा देने की बात रही हो तब प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है। आज प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार गवर्नेंस के विभिन्न आयामों में अत्याधुनिक तकनीक और डिजिटाइजेशन को अपनाकर प्रदेश की एक बड़ी आबादी को सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। हम सभी जानते हैं कि भारत की आबादी का लगभग हर छठा व्यक्ति उत्तर प्रदेश में निवास करता है। तकनीक का उपयोग करते हुए हम लोग इतनी बड़ी आबादी के साथ पूरे पारदर्शी तरीके से काम कर रहे हैं। तकनीक का लाभ किस रूप में प्रदेश के लोगों को प्राप्त हो रहा है यह देश की सबसे बड़ी खाद्यान्न योजना के वितरण के रूप में देखी जा सकती है। यूपी में 80 हजार फेयर प्राइज शॉप्स हैं। 6 वर्ष पहले एक शिकायत होती थी कि खाद्यान्न गरीबों को नहीं मिल पाता है। हमने जब ई पॉज मशीन लगाई तो प्रदेश के अंदर हमने उनकी




मॉनीटरिंग प्रारंभ की। आज परिणाम है कि 15 करोड़ लोगों को पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम से हम खाद्यान्न उपलब्ध करा रहे हैं और तकनीक के माध्यम से 1200 करोड़ रुपए की सालाना बचत भी कर रहे हैं। इसी प्रकार से जीवन के अनेक क्षेत्रों में इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। खासतौर पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जो परिवर्तन देखने को मिलते हैं वो तकनीक के बेहतर उपयोग के माध्यम से ही प्राप्त हो रहे हैं। डिजिटल तकनीक आज की आवश्यकता सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान प्रदेश में अब तक 40 करोड़ वैक्सीन की डोज नागरिकों को लगाने में सफलता प्राप्त की। सवा 6 करोड़ कोविड टेस्ट कराने में भी हमने सफलता प्राप्त की। इस प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए आज व्यापक परिवर्तन हो रहा है। इसका परिणाम है कि देश की 25 करोड़ की आबादी के सबसे बड़े प्रदेश में ये हर ओर परिवर्तन देखने को मिल रहा है। डिजिटल तकनीक आज की आवश्यकता है। इसके माध्यम से हम एक पारदर्शी व्यवस्था के साथ प्रत्येक नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का काम कर सकते हैं। भारत ने पिछले 9 वर्ष के दौरान जिस तेजी से इस क्षेत्र में न सिर्फ परिवर्तन लाया है बल्कि 140 करोड़ की आबादी के जीवन में व्यापक परिवर्तन करने का काम किया है वह दुनिया के तमाम देशों के लिए उदाहरण हो सकता है। यूपी में देखें तो 2.60 लाख किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि का लाभ, एक करोड़ निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों, वृद्धजनों को पेंशन की सुविधा का लाभ डीबीटी के माध्यम से दे रहे हैं। इसी प्रकार से प्रदेश के अंदर एक करोड़ छात्रों को स्कॉलरशिप की सुविधा डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में करते हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में अध्ययन कर रहे 1.91 लाख बच्चों को यूनिफॉर्म, बैग, बुक्स, शूज, स्वेटर, ये सभी हम डीबीटी के माध्यम से धनराशि उनके अकाउंट में भेजते हैं और वो स्वयं उपयोगी चीजों को क्रय करते हैं। किसानों को मिलने वाली किसी भी तरह की सुविधा डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराने का काम हम कर रहे हैं। प्रोक्योरमेंट की पूरी पॉलिसी को हमने उसके साथ जोड़ा हुआ है। प्रदेश के अंदर अपने युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए दो करोड़ युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन भी उपलब्ध कराने का काम कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ एक अभियान के रूप में आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। जीआईएस के लिए भी कारगर रही तकनीक आज प्रदेश के अंदर ई ऑफिस की प्रणाली लागू होने का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश की कार्यप्रणाली में पूरी पारदर्शिता आई है। प्रदेश न सिर्फ कृषि और अपने जल संसाधन के लिए और युवा शक्ति के लिए बल्कि एक नई अर्थव्यवस्था के रूप में भी वैश्विक जगत में आगे बढ़ रहा है। आपने देखा होगा कि 10 से 12 फरवरी के बीच लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 देशों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। पूरे आयोजन में उत्तर प्रदेश को 33 लाख 50 हजार करोड़ के अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसके लिए भी हमें तकनीक को अपनाना पड़ा। किसी भी एमओयू की मॉनीटरिंग के लिए निवेश सारथी के रूप में डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया। सिंगल विंडो की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निवेश मित्र के रूप में हमने यह सुविधा हर एक निवेशक को उपलब्ध कराई। जो भी निवेशक प्रदेश के अंदर निवेश करे और निवेश की सफलता के बाद शासन की किसी भी पॉलिसी के अंतर्गत मिलने वाली इंसेटिव को इंसेटिव मॉनीटरिंग सिस्टम के माध्यम से हमने उन्हें एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया। आज परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में व्यापक पैमाने पर निवेश हो रहा है और प्रदेश एक नई अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने की ओर अग्रसर हो रहा है। डिजिटल टेक्नोलॉजी से लाभार्थियों को मिल रहा 100 प्रतिशत लाभ: राजीव चंद्रशेखर भारत सरकार में मिनिस्टर ऑफ स्टेट राजीव चंद्रशेखर ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री ने 2015 में डिजिटल इंडिया की शुरुआत की थी। इसके तीन केंद्र बिंदु थे। पहला टेक्नोलॉजी लोगों की लाइफ को बेहतर बनाए, दूसरा टेक्नोलॉजी अधिक अवसर उपलब्ध कराए और तीसरा ये सुलभ हो और इस पर किसी एक का एकाधिकार न हो। ये पीएम का विजन था। आज उसका नतीजा सब देख रहे हैं। टेक्नोलॉजी के अभाव में हमारी पिछली सरकारें पंगु बनी रहीं। एक प्रधानमंत्री ने तो यहां तक कहा था कि हम दिल्ली से 100 रुपए देते हैं तो लाभार्थी तक 15 रुपए ही पहुंचते हैं।

## नए भारत को गढ़ने के लिए पंख लगा समाप्त हुआ इन्वेस्टर समिट

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश में निवेश का माहौल बनाने के लिए तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट का रविवार को समापन हो गया। समिट के अंतिम दिन एकेटीयू के, इन्नोवेशन हब की ओर से स्टार्टअप के लगाए गए प्रदर्शनी में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सहित प्रदेश के राज्य मंत्री जसवंत सैनी असीम अरुण पहुंचे. इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने स्टार्टअप का उत्साह बढ़ाते हुए प्रोडक्ट की जानकारी ली। साथ ही प्रोडक्ट को कॉमर्स लाइज कराने पर जोर दिया। वहीं उन्होंने सरकार की स्टार्टअप के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने स्टार्टअप के बनाए प्रोडक्ट की काफी तारीफ भी की। आपको बता दे की इसके पहले मुख्यमंत्री आदित्यनाथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के अलावा कई और मंत्री इन्नोवेशन हब के स्टार्टअप पर पहुंच चुके हैं। इन्नोवेशन हब के नेतृत्व में प्रदेश के मान्यता प्राप्त 15 इनक्यूबेशन सेंटर की ओर से समिट में विभिन्न स्टार्टअप की प्रदर्शनी लगाई गई थी। ये स्टार्टअप खाद्य प्रसंस्करण और डेयरी, हथकरघा और कपड़ा, सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन, इलेक्ट्रॉनिक्स वाहन, कृषि और संबद्ध उद्योग, फिल्म और मीडिया, बुनियादी ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा, नागरिक उड्डयन, फार्मास्यूटिकल्स, रसद और भंडारण, और रक्षा और जैसे कई क्षेत्रों से हैं। 11 स्टार्टअप में निवेशकों ने दिखाई रुचि इस दौरान स्टार्टअप इन यूपी और इनोवेशन हब की ओर से, स्टार्टअप की आईडिया के प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। 10 निवेशकों के सामने 15 स्टार्टअप ने अपने आइडिया की प्रस्तुति दी। जिसमें से 11 आइडिया में




निवेशकों ने निवेश की इच्छा जाहिर की है। एमओयू से स्टार्टअप को होगा फायदा इस तीन दिवसीय समिति के दौरान एकेटीयू ने कंपनियों के साथ एमओयू भी साइन किया। इनोवेशन हब ने 24 सौ करोड रुपए के निवेश के लिए विभिन्न निवेशकों से एमओयू किया है। जिसके तहत निवेशक इन्नोवेशन हब और इनक्यूबेशन सेंटर के स्टार्टअप को फंडिंग करेंगे। समिट में 20 से अधिक देशों के 10,000 से अधिक प्रतिनिधियों (घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय) की भागीदारी हो रही है। समिट में आये मेहमान इस मौके पर उत्तर प्रदेश की कला और शिल्प से भी परिचित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्टार्टअप, रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण, ईवी विनिर्माण, भंडारण और रसद, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, पर्यटन में निवेश आकर्षित करने के लिए 25द नीतियां तैयार करके नीति संचालित शासन के माध्यम से औद्योगिक विकास के लिए एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में कई सुधारात्मक कदम उठाए हैं। इस मौके पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि आने वाले समय में स्टार्टअप को और तेजी से आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। इस मौके पर डॉक्टर अनुज कुमार शर्मा महीप सिंह वंदना शर्मा रितेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह 15 फरवरी 2023 को आयेंगे जौनपुर

जौनपुर सू.वि. : प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल ने अवगत कराया है कि माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह 15 फरवरी 2023 को अपरान्ह् 4.30 बजे निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग जौनपुर में पहुंचेंगे। अपरान्ह् 5.00 बजे जनप्रतिनिधियों, संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक/संवाद एवं स्थानीय समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करेंगे। केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी विकास की परियोजनाओं, लोक कल्याणकारी योजनाओं, कानून व्यवस्था आदि के संबंध में जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग जौनपुर में करेंगे। 6.10 बजे माधव भवन जौनपुर में विचार परिवार के साथ बैठक करेंगे। 6.50 बजे ग्राम चौपाल का आयोजन एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करेंगे। 7.30 निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग जौनपुर में स्मार्ट सिटी परियोजना, स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि वितरण, उनके पुर्नवास, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्लास्टिक फ्री शहर के तहत किए जा रहे प्रयास व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की समीक्षा करेंगे, 8.05 बजे अनुसूचित जाति/जनजाति बस्तियों का भ्रमण एवं सहभोज करेंगे। 9.00 बजे निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग जौनपुर में रात्रि विश्राम करेंगे। 16 फरवरी 2023 को 9.15 बजे गौशाला कृषि भवन जौनपुर में निराश्रित गो–वंश प्रबंधन एवं गो आश्रय स्थल का निरीक्षण करेंगे। 9.40 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/जिला चिकित्सालय/मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। 10.10 बजे प्राइमरी स्कूल व कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण, राजकीय महाविद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लास, निर्माणाधीन विश्वविद्यालयों, महाविद्यालय के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण, पॉलिटेक्निक/ आईटीआई के संचालन की समीक्षा, 11.00 बजे गेहूं/धान क्रय की समीक्षा व केंद्रों का निरीक्षण/खाद–बीज की उपलब्धता एवं कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण करेंगे। 11.40 बजे जनपद में विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत देयों के भुगतान में उत्पीड़न की शिकायतों की समीक्षा करेंगे। 12.10 बजे जिला व तहसील मुख्यालयों को चार लेन व दो लेन सड़कों से जोड़ने की योजना एवं गड्ढा मुक्त अभियान की प्रगति की समीक्षा। अपरान्ह् 01.00 बजे मैहर देवी मंदिर, शाही किला में स्थानीय पर्यटन विकास की संभावनाओं की तलाश के संबंध में निरीक्षण/समीक्षा, अपरान्ह् 3.00 कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं उद्योग बन्धु की बैठक, जनपद में जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं बैंकर्स कमेटी की बैठक, जन शिकायतों के निस्तारण, सीएम हेल्पलाइन, आईजीआरएस, थाना दिवस, ब्लॉक दिवस, तहसील दिवस के कार्यों की समीक्षा, आकांक्षात्मक जनपद/विकास खंडों की कार्य योजना पर चर्चा, जनपद में राजस्व संग्रह (जीएसटी, आबकारी, स्टांप परिवहन, खनन) की स्थिति एवं वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयास संबंधी विषयों पर चर्चा करेंगे।

## पुलिस अधीक्षक से व्यापार मंडल ने बतायी व्यापारियों की समस्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन के नेतृत्व में नवागंतुक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए जौनपुर आगमन पर स्वागत किया और उम्मीद जताई कि आप के नेतृत्व में व्यापारी निर्भीक होकर अपना व्यापार करते हुए देश और प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाएंगा तत्पश्चात मुंगरा बादशाहपुर व्यापार मंडल से आए हुए तहसील अध्यक्ष विश्वामित्र व मुंगरा बादशाहपुर के नगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने संयुक्त रुप से मुंगरा बादशाहपुर में तैनात कुछ सिपाहियों एवं थानाध्यक्ष द्वारा नगर के व्यापारियों का उत्पीड़न करने एवं व्यापार मंडल पदाधिकारियों से दुर्व्यवहार किए जाने की बात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से बताएं जिसमें पुलिस अधीक्षक महोदय ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया और व्यापार मंडल पदाधिकारियों से कहा कि व्यापारियों की कोई भी




समस्या सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक और 5 से 6 तक मैं सुनने के लिए हमेशा तैयार रहूंगा और उस समस्या का निदान भी करूंगा, प्रतिनिधिमंडल में जौनपुर नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल युवा जिला अध्यक्ष संतोष अग्रहरी,नगर उपाध्यक्ष अमर जौहरी,नगर महामंत्री मुन्ना लाल अग्रहरि व मनोज कुमार साहू,विश्वनाथ जायसवाल,नंदलाल, शिवकुमार, निशू केसरी, दीपक शुक्ला आदि व्यापारी गण उपस्थित रहे !

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट
**www.Desh ki upasana.com**
का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए **Like&Subscribe** जरूर कीजिए।

–संपादक

## शहीद रजपाल स्मृति दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि तथा सम्मानित हुए शहीद झूरी सिंह के परिजन

डीकेयू कार्यालय प्रतिनिधि भदोही : आज डीघ ब्लाक के डीध गांव में 18 57 के सैनिक विद्रोह के महानायक अमर शहीद रजपाल सिंह का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया श्रद्धांजलि देने पहुंचे जिले के प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा आज ऐसे ही देश



के लिए बलिदान देने वालों की वजह से हम लोग खुले आसमान के नीचे आजादी के साथ जी रहे हैं । जिला पर्यटन अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार ने कहा शहीदों को नमन करना हमारे लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है । ब्लाक प्रमुख मनोज मिश्रा ने कहा हमें गर्व है कि हमारे डीघ की धरती से लोग शहीद हुए और यह शहीदों की धरती है ।मौके पर शहीद झूरी सिंह के प्रपौत्र डॉ रामेश्वर सिंह को अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया । डॉ रामेश्वर सिंह ने कहा कि हमारे जनपद के 35 लोगों को गोपीगंज के शाही मार्ग पर 18 57 में कच्ची फांसी दे दी गई थी हमारे देश में अंग्रेजो के खिलाफ जब आंदोलन शुरू हुआ तो भदोही वह पहला जनपद रहा जहां जन आंदोलन की शुरुआत हुई और सैनिक विद्रोह करने वाला पहला वीर सैनिक रजपाल सिंह भदोही के ही धरती से था । श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से राजेश सिंह उपेंद्र सिंह सुरेंद्र कुमार कवि जी धनराज निषाद गंगाधर यादव कमलेश उपाध्याय राजेन्द्र मिश्रा आदि रहे।

## करंजाकला ब्लॉक में दो दिवसीय बीडीसी प्रशिक्षण आज से शुरू

शाहगंज जौनपुर। पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा विकास खंड करंजाकला ब्लॉक के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया योजनाओ के क्रियान्वयन व विकास कार्यों के बारे में प्रशिक्षण देंगे। क्रियान्वयन के लिए 6 समितियों के भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी । प्रशिक्षण शिविर का उद्घघाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व भाजपा



नेता सुनील कुमार यादव मम्मन ने दीप प्रज्वलन करके किया । इस मौके पर दो दिवसीय प्रशिक्षण के बारे में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जानकारियां रहेंगे तभी सब अपनी भूमिका समझ पाएंगे और विकास को गति मिलेगी,और विकास की गुणवत्ता बढेगी। खंड विकास अधिकारी आरडी यादव ने कहा कि आमजन के विकास में क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत दोनों की अहम भूमिका होती है और प्रशिक्षण में क्षेत्र पंचायत की समितियां कि अपनी जिम्मेदारियां होती हैं। इसके अलावा केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग ,स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत कल्याण कोष, योजना मातृभूमि योजना, पंचायत क्षेत्र विकास योजना, विकास लक्ष्य , गवर्नमेंट की स्थापना ,पंचायत पुरस्कार, अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई , समितियों के गठन पर भी जानकारी दी गई। किस तरह से क्रियान्वयन करना है और समितियों में क्षेत्र पंचायत सदस्य की भूमिका के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण ट्रेनर कन्हैया राम , राधेश्याम द्वारा दिया गया। मंडलीय निदेशक पंचायत सुनील सिंह ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दिया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत नागेंद्र यादव, मुकेश कुमार, उत्तम कुमार, रमेश यादव, शरद सिंह मौजूद रहे ।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
योगी न बन सके तो उपयोगी अवश्य बनें।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# इन्वेस्टर्स समिट जौनपुर में 9200 करोड़ के हुए प्रस्ताव : निवेशकों में दिखा उत्साह

जौनपुर सू.वि. : उ०प्र० ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 आयोजन के तीसरे, अंतिम दिन रविवार शाम कलेक्ट्रेट में जनपद स्तरीय निवेश कुंभ का आयोजन हुआ। जिसमें समापन समारोह का लाइव स्ट्रीमिंग हुई। कलेक्ट्रेट में आयोजित समापन समारोह पर अधिकारियों ने निवेशकों को उपहार वितरित किया गया, जिसमें श्री टी0एन0 यादव, केमिकल्स 05 करोड, श्री अरबिन्द मौर्या,कैटल फीड रू0 5 करोड, श्री शत्रुघन मौर्या, मौर्या इंडस्ट्रीज, रू0 5 करोड, श्री गुलाव चन्द्र पाण्डेय, आईश पाइप इंडस्ट्रीज रू0 4 करोड, श्री आशीष यादव, वायर नेट रू0 02 करोड एवं श्री बृजेश कुमार यादव, शुसीला बायो फर्अीलाइजर रू0 01 करोड देकर अभिनंदन किया। एलईडी स्क्रीन से बड़ी संख्या में उद्यमी एअधिकारियों ने उ०प्र० ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट समापन कार्यक्रम एव भारत गणराज्य की माण् राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखाए सुना। बैठक में उद्योग विभाग की समीक्षा करते हुए मैसर्स रामा पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड त्रिलोचन महादेव जौनपुर द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि इकाई से लगभग 200 मीटर दूर वाराणसी की तरफ से आशीर्वाद होटल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिया का निर्माण न होने के कारण नाली ब्लॉक हो गई है जिसके कारण जल की निकासी नहीं हो पा रही है जिससे इकाई एवं क्षेत्र के जनमानस को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिस पर खंड विकास अधिकारी जलालपुर के द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया है कि जिला पंचायत द्वारा किए गए कार्य से इकाई का स्थल ऊंचा होने के कारण इकाई से जल निकासी में कठिनाई हो रही। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा उपायुक्त उद्योग , खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी एवं ईकाई के स्वामित्व की कमेटी बनाकर ईकाई का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीधा उद्यमियों द्वारा अनियमित विद्युत कटौती के संबंध में समिति को अवगत कराया गया बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड मछली शहर एवं कांट्रेक्टर द्वारा समिति को अवगत कराया गया क्यों अपनी पावर हाउस सबस्टेशन का कार्य प्रगति पर है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता एवं संबंधित कांट्रैक्टर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीडा उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि आवास विकास परिषद द्वारा बनायी जा रही सड़क एवं पुलिया से के सम्बन्धित कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी है रोड नं0.7 पर लगायी जा रही हयूम पाइप का कार्य अभी भी पूर्ण नहीं हुआ है। नई बनी सडक में भी बीच.2 में गढ्ढे हो गये हैं एवं प्रत्येक मोड पर गिट्टी डामर उखड जाने के कारण समस्या आ रही है। बैठक में अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड. 2 वाराणसी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि हयूम पाइप का कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा गिट्टी व मिट्टी से समतल कराने का कार्य प्रगति पर है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड.2 वाराणसी को आगामी उद्योग बन्धु बैठक के पूर्व अविलम्ब पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।



बैठक में सीडा उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि एनएच.31 पर लगे हुए पोल एवं लाइट नहीं जलती है। बैठक में एन०एच०ए०आई० द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि 47 स्ट्रीट लाइटों को लगा कर चेक करवा कर सीडा को हस्तगत करा दिया गया है। सीडा द्वारा कनेक्शन की प्रक्रिया की जा रही है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा सीडा प्रबन्धक को सीडा में जा रही है विद्युत कनेक्शन हेतु आवश्यक कार्यवाही यथा शीघ्र करने के निर्देश दिये गये। सीडा उद्यमियों द्वारा समिति को अवगत कराया कि परिसर पार्क मरम्मत काफी खराब हो गया है जिसके कारण पार्क का उपयोग किया जाना संम्भव नही है। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री हर्ष प्रताप सिंह द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि सी०एस०आर० के माध्यम से सीडा उद्यमी ध् इकाईयों द्वारा कुछ पार्कों को गोद लेकर सुन्दर्यीकरण किया जा रहा है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीडा को निर्देश दिये गये कि सीडा में बहद इकाईयों को सभी पार्को को सी०एस०आर० के माध्यम से सौन्दर्यरीकरण का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि कुल 04 पार्कों ध् संगठनों द्वारा गोद लिया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है शीघ्र ही कार्यवाही पूर्ण की जायेगी । एन०एच०ए०आई० द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि 47 स्ट्रीट लाइटों को लगा कर चेक करवा कर सीडा को हस्तगत करा दिया गया है। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीडा द्वारा अवगत कराया गया कि जैम के माध्यम से 50 सोलर लाइट कय करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अपर मुख्य कार्य पालक अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि 50 सोलर लाइट को खरीदने हेतु निविदा जेम पोर्टल पर डाल दी गयी है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीडा को निर्देश दिये यथाशीघ्र सोलर लाइट कय कर लगवाना सुनिश्चित करें। सीडा उद्यमियों द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि सीडा के सभी तिराहे व चौराहे के मोड़ पर बड़े.बड़े गड्ढे हो गये है तथा रोड न0 11 पूर्णयता टूट गई है । सीडा प्रतिनिधि द्वारा समिति को अवगत कराया गया है कि जेई सीडा के अवकाश पर चले जाने के कारण कार्य में अभी प्रगति नहीं हुई है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा सीडा प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि जेई सीडा के अवकाश से आने पर सड़को के मरम्मत हेतु आगणन तैयार कर अगली बैठक के पहले प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।सीडा प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया है कि आगणन तैयार किया जा रहा हैए जिसे शीघ्र पूर्ण कराकर मुख्य कार्य पालक अधिकारी के अनुमति से बजट पास करा कर पूर्ण करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी निवेशकों, उद्यमियों को स्कीम के अंतर्गत निजी औद्योगिक पार्क विकास हेतु आप अधिक से अधिक निवेश के लिए सुझाव दिए। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सुरक्षा हेतु हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया मार्जिन बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओ०डी०ओ०पी० वित्त पोषण योजना के अन्तर्गत ऋण स्वीकृति वितरण की कार्यवाही लक्ष्य के अनुरूप अभी तक नहीं हुई है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा अग्रणी जिला प्रबन्धक को निर्देश दिये गये कि शासन द्वारा निर्धारित 12 माह के रोस्टर के अनुसार सभी मार्जिन मनी योजनाओं की प्रगति लक्ष्य के अनुसार प्रत्येक दशा में शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान सहित समस्त उद्यमीगण एवं निवेशक उपस्थित रहे।

# 6 लाख की लागत से बने आधुनिक एडीओ पंचायत कक्ष का किया गया लोकार्पण

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : विकास खंड बल्दीराय में 6 लाख की लागत से बनकर तैयार हुए अति आधुनिक एडीओ पंचायत कक्ष का मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह व खंड विकास अधिकारी सत्य नारायण सिंह ने लोकार्पण किया।पुराने जर्जर एडीओ पंचायत कक्ष को आधुनिक रूप देकर सुविधाओं से लैस किया गया है। 6 लाख रुपये खर्च कर कक्ष के अंदर टाइल्स व सीलिंग और दीवारों पर पीवीसी वॉल पेंटिंग व एयर कंडीशन और आधुनिक फर्नीचर से साज–सज्जा की गई है।ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने कहा कि ब्लाक के अंदर हर कक्ष व आवास की सूरत बहुत जल्द ऐसी ही होगी।इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा धर्मेंद्र तिवारी,प्रधान प्रतिनिधि बजरंग सिंह,एडीओ पंचायत अरविंद सिंह,वरिष्ठ लिपिक सत्य नारायण गौतम,प्रधान प्रतिनिधि राजू सोनी,विजय सिंह,ग्राम विकास अधिकारी रामतेज वर्मा,शिवराम,दीप्ति



यादव,घनश्याम यादव, महेश तिवारी,प्रिंस सिंह,प्रियंका साहू,राहुल यादव,रंजीत कुमार, रोहित चन्द्रा,अरविंद सिंह बब्लू,हौसिला प्रसाद,वेद प्रकाश यादव,श्याम प्रीत,अखिलेश सिंह,बिजेंद्र तिवारी बहादुर, मोनू तिवारी,रामलाल वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# जनपद में ईसाई मिशनरी द्वारा हिंदुओ का धर्मांतरण करा रहे 16 लोग गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश प्रदेश सरकार के लाख कोशिशों के बाद भी जनपद में धर्मांतरण का खेल नहीं रुक रहा है आए दिन ईसाई मिशनरीज द्वारा छोटे–छोटे गांव और कस्बों में प्रार्थना सभाएं करके हिंदू धर्मावलंबियों को प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में परिवर्तन कराया



जा रहा है।ताजा मामला बदलापुर थाना क्षेत्र के मुरादपुर कोटिला गांव का है जहां रविवार रात हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं और पुलिस की टीम ने छापा मारकर मौके से भारी संख्या में लोगों को ईसाई धर्म के ईसा मसीह का प्रार्थना करते हुए पकड़ा है।पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है।इस संबंध में सोमवर को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी बदलापुर शुभम तोदी ने बताया कि हिन्दू संगठन के प्रमोद कुमार शर्मा की तहरीर से सूचना प्राप्त हुई कि सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रबंधक थामस जोसेफ के प्रभाव में आकर कुछ महिलायें व पुरुष अपना धर्म हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तन कर रहे है। इस सूचना पर पुलिस मुरादपुर कोटिला गांव में पहुंचकर विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन करा रहे 13 पुरुष व 3 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया व साथ ही सुसंगत धाराओ मे एफआईआर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार व्यक्तियों में,दिनेश कुमार मौर्या पुत्र मोहन लाल मुरादपुर कोटिला थाना बदलापुर ,अमृत लाल पुत्र खिलाड़ी राम शेखपुर थाना तेजी बाजार ,शनि गौतम पुत्र शम्भूनाथ मुरादपुर कोटिला ,समर बहादुर पुत्र चौतू राम रूपचन्द्रपुर, शिव प्रकाश गौतम पुत्र गुरूदीन ,दुर्गा प्रसाद पुत्र छोटे लाल घघरिया थाना मछलीशहर ,कमलेश चमार पुत्र बिरछू राम गजेन्द्रपुर थाना करौंदीकलां जौनपुर ,पंकज चमार पुत्र कमलेश गजेन्द्रपुर थाना करौंदीकला , राम अजोर पुत्र प्रेमचन्द्र रैभानीपुर थाना बदलापुर ,सुरेश मौर्या पुत्र राधेश्याम मौर्या नि0ग्रा0 राजेपुर थाना मछलीशहर ,संजय कुमार पुत्र राम सेवक छतौना थाना हनुमानगंज जनपद सुल्तानपुर,आशीष कुमार पुत्र पुनवासी कन्नौजिया अमरूपुर थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर,राजपति पुत्र बलदेव सुल्तानपुर थाना बदलापुर ,पूनम पत्नी राजेश दोमुहा थाना दोमुख जौनपुर,अंशिका पत्नी दिवाकर तेजी बाजार थाना तेजी बाजार ,सरिता पत्नी विजय ढकवा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ शामिल है। जनपद में धर्मांतरण रुकने का नाम नहीं ले रहा है आए दिन गांव गिराव में धर्मांतरण जैसी बातें सामने आ रही है लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा इसमें कोई ठोस कदम उठाए जाने से इन लोगों के हौसले बुलंद है। इससे साफ जाहिर है कि पुलिस कहीं न कहीं नामजद आरोपियों बचाने का काम कर रही है।

# मेदांता अस्पताल द्वारा आयोजित किया गया 'स्टिग्मा इन एपिलेप्सी' सत्र

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी स्थित मेदांता अस्पताल चिकित्सा उपचार और रोग के प्रति जागरूकता के मामले में लगातार एक उच्च मानक स्थापित करता आ रहा है। एपिलेप्सी की बात की जाए तो यह मूल रूप से एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, जिसमें मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य हो जाती है जिससे बार–बार अकारण ही अतिसंवेदनशील दौरे पड़ने लगते हैं। मिर्गी के प्रति जागरूकता और उपचार में प्रगति के बावजूद, इस विकार से पीड़ित लोगों को नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता



है, जिससे उनके लिए एक मनोवैज्ञानिक संकट पैदा होता है, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। सत्र इस रोग को कलंक के रूप में देखने और इसके नकारात्मक प्रभाव के असर को समझने के लिए समर्पित था। सत्र में इस बात पर विस्तृत चर्चा हुई कि कैसे मिर्गी को भारत में अक्सर पूर्वाग्रह और तिरस्कार के साथ देखा जाता है। इसे आगे बढ़ाते हुए डॉ. ए.के. ठाकर, डायरेक्टर न्यूरोलॉजी ने कहा, ''मिर्गी एक सामान्य स्थिति है जो 10 मिलियन लोगों को प्रभावित करती है भारत में। यह 70: से अधिक को नियंत्रित करने वाली चिकित्सा उपचार के साथ एक उपचार योग्य स्थिति है। इसके बावजूद मिर्गी मिथकों, अज्ञानता, गलतफहमियों के चलते एक बड़े सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। यह बीमारी से भी ज्यादा दर्दनाक स्थिति होती है। इसलिए इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस का विषय ''स्टिग्मा इन एपिलेप्सी है। मिथकों के बारे में जागरूकता फैलाने और इसके उन्मूलन करने की तत्काल आवश्यकता है, ताकि मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति स्वयं को एक सामान्य व्यक्ति की तरह देख सकें। '' मिर्गी और इससे जुड़ी भ्रांतियों क्व विषय में अधिक जानकारी देते हुए, न्यूरोलॉजी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. ऋत्विज बिहारी ने कहा, ''मिर्गी को दवाओं, सर्जरी या चिकित्सा उपकरणों से नियंत्रित किया जा सकता है। मिर्गी से पीड़ित लोग सामान्य जीवन जी सकते हैं। मिर्गी के बारे में कलंक या मिथकों से बचने के लिए और लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए हमें इसके बारे में ज्ञान का प्रसार करना चाहिए।'' सत्र का लक्ष्य मिर्गी के बारे में गलत धारणाओं और गलत समझ को दूर करना था, साथ ही मिर्गी से पीड़ित मरीजों को सम्मान से जीवन व्यतीत करने और उनका सम्मान के साथ इलाज के लिए जागरूकता पैदा करना था।

# डीसीजीआई ने इंटरनेट पर दवाइयां बेचने वाली अवैध ई. फार्मसीन को शोकाज नोटिस –दिवाकर सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एआईओसीडी केंद्र सरकार को लगातार आगाह कर रहा था कि भारत के ड्रगअधिनियम, फार्मसीअधिनियम और अन्य दवाओं से संबंधित नियम आदेश, आचार संहिता, जनता के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक इंटरनेट पर दवाओं की बिक्री की अनुमति नहीं देते हैं और छूट और योजनाओं के साथ विज्ञापन द्वारा दवा बिक्री को बढ़ावा देने की अनुमति नहीं देते हैं। पीहीटरी दिल्ली के माननीय उच्च न्यायालय के आदेश सभी वैध अपीलों, अनुरोधों, बैठकों के बावजूद, कॉर्पोरेट घराने अवैध रूप से वित्तीय शक्ति के साथ या गैर प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य के साथ दवा व्यवसाय में लिए थे। इससे भी खतरनाक यह था कि जब से ई. फार्मसियों ने देश में राज्यों के सीमा पार से दवाओं की ऑनलाइन बिक्री का संचालन शुरू किया है, नकली दवाओं में अचानक वृद्धि शुरू हो गई है। 'दवा व्यापारियों की पारंपरिक आपूर्ति श्रृंखला यानी कंपनी ब्छथ डिपो को खुदरा फार्मेसी के लिएअधिकृत करने के लिए कॉर्पोरेट संस्थाओं द्वारा तोड़ दिया गया था और आपूर्ति चौनल में डुप्लिकेट दवाओं को धकेलने के लिए आपूर्ति पाइप लाइन को खोखला बना दिया था। दूसरा ऑनलाइन ऐप नारकोटिक ड्रग्स, प्रेझेंसी टर्मिनेशन किट, एंटीबायोटिक्स, सेडेटिव ड्रग्स तक आसान पहुंच बन गया और मरीजों को सीधे इसको अंतरराज्यीय आपूर्ति, राज्य एफडीए द्वारा ट्रेस और ट्रैक करना बहुत मुश्किल हो गया। एआईओसीडी ने हमेशा हाइलाइट किया है में सभी बहुत ज्वलंत मुद्दे हैं कि ये अवैध ई. फार्मसीअपने पोर्टल पर अपना स्वास्थ्य डेटा बना रहे हैं। जो यह सब जनता के व्यक्तिगत स्वास्थ्य डेटा को उजागर करने के लिए एक खतरा भी था यह प्रधानमंत्री की एनएचआरएम स्वास्थ्य डेटा नीति के खिलाफ भी है। बड़े बड़े कॉरपोरेट्स द्वारा अपनाई जा रहीं इन अनैतिक प्रथानों से छोटे स्टैंड अलोन. फार्मसी केबीच एक जीवन मरण का पत्र बन चुका है जो दवा नियमों का पालन कर रहे हैं और दूसरी बीरकॉर्पोरेट घरानों छोटे छोटे फार्मसी को पीछे धकेलते हुए, और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए गैर प्रतिस्पधर्रात्मक या प्रीडिटरी मूल्य निर्धारण के साथ प्रतिस्पर्धा करके अनैतिकछूट देकर और व्यापार के लिए उपलब्ध मार्जिन से अधिक मार्जिन प्रदान कर ई– फार्मसी का कार्य कर रहे है।एआईओसीडी के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री, भारत सरकार माननीय श्री मनसुख जी मंडाविया से मुलाकात की। एआईओसीडी अध्यक्ष जे एस शिंदे ने कॉर्पोरेट घरानों समर्पित खुदरा श्रृंखलाओं और ईफार्मेसी की अवैधता के संदर्भ में बहुत दृढ़ता से दवा व्यापार समस्याओं और चिंताओं की ओर इशारा किया। एआईओसीडी में 12 लाख से अधिक सदस्य हैं, उनके ऊपर आश्रित परिवार और कर्मचारी आदि की कुल आबादी लगभग 4 करोड़ से अधिक हैं इनका इन सभी बड़े बड़े कारपोरेट के गैर प्रतिस्पर्धात्मक या प्रीडिटरी मूल्य निर्धारण और अवैध ई–फार्मसियों के कारण के लिए व्यवसाय में बने रहना मुश्किल कार्य होगा। माननीय मंत्री जी ने व्यापार की विभिन्न समस्याओं और चिंताओं की गंभीरता को ध्यान से सुना और समझा तथा अवैध रूप से दवा बेचने वाली संस्थाओं के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। डीसीजीआई ने उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार अवैध ऑनलाइन फार्मसी को शोकाज नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है, (कॉपी संलग्न है।) एआईओसीडी इस फैसले का स्वागत करता है और कॉर्पोरेट घरानों द्वारा समर्थित ई. फार्मसियों द्वारा छोटे दवा व्यवसायियों के मानिकों के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करने वाली मूल्य निर्धारण नीति के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई की उम्मीद करता है। एआईओसीडी डीसीजीआई राज्य एफडीए द्वारा आगे की कार्रवाई पर सदैव सतर्क रहेगा।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन गो तस्कर गिरफ्तार : एक के पैर में लगी गोली वाराणसी रेफर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना खुटहन व सरायख्वाजा की संयुक्त टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में 03 गोतस्कर गिरफ्तार,एक के पैर में लगी गोली/घायल, कब्जे से एक देशी तमन्चा व एक खोखा कारतूस,एक मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल व अन्य गोकशी करने के उपकरण बरामद किया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार ने बताया कि डॉ0 अजयपाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, डा0 संजय कुमार के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर के पर्वेक्षण में, दिनांक–13.02. 2023 की रात्रि में प्र0नि0 खुटहन राजेश यादव व प्र0नि0 सरायख्वाजा मय टीम के गभीरन तिराहे पर अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के सम्बन्ध में बातचीत कर रहे थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की गभिरन पोटरिया रोड पर सलहदीपुर के सरहद रोड पर कुछ लोग एक गोवंश को बाधकर बध करने की तैयार कर रहे है। इस सूचना पर पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस बल के पहुँचने पर गोतस्कर द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया, जिससे एक गोली का0आशीष यादव के दाहिने बाह के उपरी भाग पर लगी।आत्मरक्षार्थ चेतावनी देते पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गयी जिससे एक गोली गोतस्कर रुस्तम पुत्र नाटे ग्राम हरिकापुरा पिलकिछा थाना खुटहन जौनपुर के पैर मे लगी। गोली लगने से गोतस्कर घायल हो गया। पुलिस बल द्वारा मौके से भागते समय दो अन्य गोतस्करो को भी गिरफ्तार कर लिया गया। घायल पुलिस के जवान व अभियुक्त रुस्तम को उपचार हेतु सीएचसी करंजाकला रवाना किया गया था जिसको जिला अस्पताल जौनपुर से बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया। घटना के दौरान पकड़े गये अभियुक्तो से पूछताछ के दौरान सनसनी खेज घटना का अनावरण करते हुए यह जानकारी मिली कि इनका एक बहुत बड़ा गैंग है जो गोवध व गोतस्करी मे संलिप्त है। इस गैंग का मास्टर माइंड मन्नान निवासी बखरा थाना सरायमीर आजमगढ व पापा ,गुड्डू उर्फ लगंड़ा निवासीगण अरन्द थाना शाहगंज जौनपुर ने अपने अन्य सदस्यो के साथ गोवध करते हुए उनके मुंडो को अपने निजी वाहन स्कार्पियो व पिकप से मांस निकालकर मुंडो को पटैला के पास सेवई नाला व ईटौरी सरायख्वाजा नाले मे फेके जाने की बात प्रकाश मे आयी है । इस गैंग मे संलिप्त अपराधियो की तलाश हेतु टीमे रवाना की गयी है । इनके विरुध्द गैंगेस्टर आदि की कडी कार्यवाही की जायेगी । उपरोक्त प्रकरण के संबंध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–33/2023 धारा 307 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट व धारा 3/5/8 गो0नि0 अधि0 पंजीकृत किया गया है । आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा जा रहा है।गिरफ्तार अभियुक्तों में 1. रूस्तम पुत्र नाटे ग्राम हरिकापुरा



पिलकिछा थाना खुटहन जनपद जौनपुर। (घायल) 2–रियाजु पुत्र लल्लू ग्राम लमहन थाना महराजगंज जनपद जौनपुर । 3–शहनवाज पुत्र जलालुद्दीन ग्राम अढ़नपुर थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। इनके पास से बरामद सामना एक देशी तमन्चा 315 बोर व एक खोखा कारतूस 315 बोर एक लोहे का चाप ,दो चाकू, एक नुकीला राड व एक लकड़ी का ठेहा एक मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डिलेक्स यूपी 50 सीजे 3979 व तीन मोबाइल

# लाइसेंसी रायफल से युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या : परिजनों में मचा कोहराम

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) : थाना क्षेत्र के अमिरता गांव में सोमवार सुबह एक युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। थाना क्षेत्र के अमिरता गांव निवासी राहुल उर्फ रवि प्रताप (28) पुत्र इन्द्रपाल उर्फ नन्हें बाबू खेती बाड़ी का कार्य करता था। युवक ने सोमवार की सुबह करीब 4 बजे लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मार ली।इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली उसके सर को पार करते हुए दीवार फाड़कर बाहर निकल गई।इस घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों के मुताबिक मृतक अविवाहित था। परिजनों ने इसकी सूचना पाली पुलिस को दी। थाना पाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने लाइसेंसी राइफल को कब्जे में लेकर मामले की जाँच में जुट गये। पुलिस के



मुताबिक मृतक की जेब से 4 जिंदा कारतूस भी बरामद हुए है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल सका है। मामले की जाँच जारी है।जल्द ही मामले में आत्महत्या के कारणों का खुलासा होगा।

